# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक– परीक्षा पी.जी., प्रोफेशनल संचालन / 2026 / 1371 दिनांकः 7/5/26

**ग्रेडिंग / नॉन ग्रेडिंग पद्धति के तहत नियमित विद्यार्थियों के स्नातकोत्तर / व्यावसायिक सेमेस्टर II, IV, VI, VIII, X एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर द्वितीय के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति**

विश्वविद्यालय विज्ञप्ति क्रमांक 1249 दिनांक 30.4.26 की निरन्तरता में नोटिफिकेशन नं– 36 अध्यादेश–199 H-1 to H-8 (under the choise based credit system) आधारित, Circular No. NEP-2020/Acad.I/2025/3113-513 Dated 09-09-2025 एवं Ordinance: 199-F तथा पत्र क्रमांक परीक्षा 5–ब / 2026 / 1070 दिनांक 27.04.2026 के अनुसरण में परीक्षा मई, 2026 में राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर (Post-Graduate) / व्यावसायिक विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत II, IV, VI, VIII, X सेमेस्टरों के परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने की तिथियॉं निम्नानुसार बढ़ाई जाती है, साथ ही उक्त सेमेस्टर के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की परीक्षाऐं माह मई, 2026 के तृतीय / चतुर्थ सप्ताह में आयोजित होना प्रस्तावित है:–

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम | तिथियॉं |
|---|---|---|
| 1 | M.A./ M.Sc./ M.Com., LL.B. Semester/ B.A.LL.B. Semester/ P.G. Diploma's Semester II, IV, VI, VIII, X -Semester Grading/ Non Gradig Scheme के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी | **दिनांक 08.05.2026 से 12.05.2026** |

नोटः
1. आवश्यक दिशा–निर्देश का विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अवलोकन करें।
2. सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।
3. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में आ रही तकनीकी समस्याओं के निवारण हेतु हेल्प लाईन नम्बर 7726953531, 7688828545 अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर 9372505528 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
4. परीक्षा संबंधी अन्य समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in, https://erp.univraj.org एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।
5. परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जांच स्वयं के दस्तावेज के अनुसार करें, अयोग्य परीक्षार्थियों का जमा कराया गया परीक्षा शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

07.05.26

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा / 2026 / 1372-82 दिनांक: 7/5/26

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :-

1. (अ) समस्त विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करे कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्रों की अलग-अलग प्रति / हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विशेष रूप से स्नातक, अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र तथा अंकतालिका की प्रति नामांकन पत्र के साथ संलग्न हैं एवं सही है। परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन विश्वविद्यालय वेबसाईट www.univraj.org से पूर्व कार्यालय पत्र परीक्षा 5-ब / 2026 / 1070 दिनांक 27.04.2026 के अनुसरण में विश्वविद्यालय पोर्टल पर नव प्रवेशित परीक्षार्थियों की CSV File संबंधित विभाग / महाविद्यालयों द्वारा Upload किया जाना प्रक्रियान्तर्गत है तथा तद्नुसार सभी परीक्षार्थियों के अपनी ABC ID/APAAR ID के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरे जाने के पश्चात् NEP Ord. 199-H एवं Ord. 199 F-3(j) Grading/Non-Grading Scheme Semester के तहत 75 प्रतिशत उपस्थिति, सतत् मूल्यांकन (Continious Assessment) में न्यूनतम अंक अर्जित करने वाले पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्रों मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज (पूर्व में उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाऐं इत्यादि) सहित सभी आवश्यक पूर्ति कर योग्य छात्रों की सूची सहित परीक्षा 5-ब कमरा नं. 127 (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) तथा परीक्षा 5-अ कमरा नं. 131 (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) में समस्त परीक्षा आवेदन पत्रों को कृपया संबंधित विभागों / महाविद्यालयों के निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन प्रक्रियानुसार जांच कर तदनुसार वेबसाईट पर सत्यापन कर Generated Nominal Roll अनुसार दिनांक 14.05.2026 तक निश्चित रूप से अग्रेषित किये जाने का श्रम करें। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा-निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**

(ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर) हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ-पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

(स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8/- प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या-1(अ) की पूर्ण पालना नहीं करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती होगी।

10. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
11. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा मई, 2026 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
12. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध सीटों सहित संबंधित कम्प्यूटर फर्म को भिजवाने का श्रम करें।
13. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को मुख्य समाचार पत्रों मे समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
14. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को सूचित कर लेख है कि विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र ABC ID /APAAR ID के माध्यम से भरवाने का श्रम करें तथा II, IV, VI, VIII, X -Semester Grading/Non Grading Scheme की जिन विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन (Continious Assessment) जिन-जिन पेपरों मे पोर्टल पर प्राप्त न्यूनतम अंकों की अर्हता पूर्ण की हो उन विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म उन्हीं पेपरों में खोलने का श्रम करें।
15. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
16. वरिष्ठ निजी सहायक कुलगुरू / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
17. समस्त उप-कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक -द्वितीय / सेलर- I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)